

# दिल तो पागल है पर करिश्मा कपूर का बयान

**बॉलीवुड** की सुपरहिट फिल्मों में गिनी जाने वाली दिल तो पागल है एक बार फिर सुर्खियों में है. इस बार वजह है अभिनेत्री करिश्मा कपूर का एक पुराना लेकिन चौंकाने वाला खुलासा, जिसने फिल्म की कास्टिंग से जुड़ी कई अनकही बातों को सामने ला दिया है.

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान करिश्मा कपूर ने बताया कि इस फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया बेहद अलग और चुनौतीपूर्ण थी. उन्होंने कहा कि फिल्म में उनके साथ माधुरी दीक्षित का किरदार इतना मजबूत और प्रभावशाली था कि कई अभिनेत्रियों ने सेकेंड लीड रोल निभाने से मना कर दिया था. उनके अनुसार उस समय इंडस्ट्री में यह चर्चा भी थी कि माधुरी दीक्षित के सामने कोई भी कलाकार फीका पड़ सकता है. फिल्म में शाह रुख खान की मौजूदगी ने भी कहानी को और बड़ा बना दिया था, जिससे हर किरदार की तुलना एक-दूसरे से होने लगी थी. करिश्मा ने यह भी संकेत दिया कि उस दौर में कई बड़ी अभिनेत्रियों ने इस भूमिका को स्वीकार करने में हिचक दिखाई थी, क्योंकि उन्हें लगा कि फिल्म में उनका स्क्रीन स्पेस और प्रभाव सीमित रह सकता है. दिल तो पागल है' अपने समय की सबसे सफल म्यूजिकल रोमांटिक फिल्मों में से एक थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई.

यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने डांस, म्यूजिक और इमोशन का ऐसा संगम पेश किया, जो आज भी याद किया जाता है. करिश्मा कपूर का यह बयान न केवल फिल्म के पीछे की कहानी को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे बड़े स्टार्स और मजबूत किरदार किसी फिल्म की कास्टिंग को प्रभावित कर सकते हैं.

## 'राणाबाली' में हॉलीवुड स्टार अर्नोल्ड वोस्लू की एंट्री

**हॉलीवुड** अभिनेता अर्नोल्ड वोस्लू भारतीय सिनेमा में फिल्म 'राणाबाली' के जरिए पदार्पण करने जा रहे हैं. फिल्म निर्माताओं ने अर्नोल्ड वोस्लू के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनका कैरेक्टर पोस्टर जारी किया है, जिसमें उन्हें 'द डेमन ऑफ ड्रॉट' यानी सर थियोडोर हेक्टर के रूप में पेश किया गया है.

माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बन रही ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म 'राणाबाली' इस वर्ष की बहुप्रतीक्षित पैन-इंडिया फिल्मों में शामिल है. विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अभिनीत इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही खासा उत्साह है. ऐसे में अर्नोल्ड वोस्लू के किरदार के खुलासे ने फिल्म के प्रति उत्सुकता को और बढ़ा दिया है.

फिल्म के पोस्टर में अर्नोल्ड वोस्लू प्रभावशाली और रहस्यमयी अंदाज में नजर आ रहे हैं.

## ईशा देओल की 'घूंघट' में छिपा है बड़ा रहस्य

**बॉलीवुड** अभिनेत्री ईशा देओल अपने फिल्मी करियर में एक नया और दिलचस्प अध्याय जोड़ने जा रही हैं. आगामी फिल्म 'घूंघट' के जरिए वह पहली बार हॉरर-कॉमेडी जॉनर में नजर आएंगी. निर्देशक राजीव रुईया और निर्माता देवेश कुमार की इस फिल्म में डर, हंसी, रोमांस, फैंटेसी और भावनाओं का ऐसा मिश्रण देखने को मिलेगा, जो दर्शकों को एक अलग सिनेमाई अनुभव देने का वादा करता है. फिल्म को लेकर उत्साहित ईशा देओल कहती हैं, 'घूंघट' मेरे लिए एक बिल्कुल नया जॉनर है. मैंने हॉरर और कॉमेडी दोनों तरह की फिल्में की हैं, लेकिन दोनों का यह संगम बेहद खास और रोमांचक है.' उनका मानना है कि फिल्म सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके भीतर एक गहरा सामाजिक और भावनात्मक संदेश भी छिपा है.

रहस्यमयी गांव जांगीपुरा की पृष्ठभूमि पर आधारित इस कहानी में 'भूरी' नामक आत्मा का दर्दनाक अतीत पूरे गांव को एक भयावह अभिशाप में जकड़ देता है. ईशा कहती हैं, 'इस कहानी की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह दर्शकों को हंसाती भी है, डराती भी है और सोचने पर भी मजबूर करती है.'' 'घूंघट' के जरिए ईशा देओल एक बार फिर साबित करने जा रही हैं कि वे हर नए किरदार और चुनौती को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनाने में विश्वास रखती हैं.



## टेलीविजन हलचल

### लक्ष्मी निवास' ने सरहदों के पार छेड़ी महिलाओं की ताकत पर चर्चा




ज़ी टीवी का पारिवारिक ड्रामा 'लक्ष्मी निवास' अपनी जमीन से जुड़ी कहानी, मिडिल क्लास परिवार की जिंदगी, रिश्तों और संघर्षों को दिल से दिखाने की वजह से लगातार दर्शकों का प्यार जीत रहा है. अब यह शो सिर्फ एंटरटेनमेंट तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सरहदों के पार भी असर छोड़ रहा है. शो का मुख्य किरदार 'लक्ष्मी जैसवाल', जिसे मानसी जोशी रॉय निभा रही हैं, अब अमेरिका में महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी अहम चर्चाओं का हिस्सा बन गया है. 'लक्ष्मी निवास' के केंद्र में है लक्ष्मी, एक ऐसी महिला जो अपनी मजबूती, जज़्बाती ताकत, आत्मसम्मान और परिवार के लिए बिना रुके किए जाने वाले समर्पण से पूरे घर को जोड़े रखती है. उसके सफर के जरिए शो उन भावनात्मक जिम्मेदारियों को सामने लाता है, जिन्हें महिलाएं अक्सर चुपचाप निभाती हैं. यह कहानी महिलाओं को सिर्फ परिवार संभालने वाली नहीं, बल्कि फैसले लेने वाली, जज़्बाती सहारा बनने वाली और पूरे घर की मजबूत नींव के रूप में सामने लाती है.

### अमनदीप सिद्धू और शीज़ान खान ने जताई खुशी



'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीज़ान खान (सिद्ध) और अमनदीप सिद्धू (स्नेहा) मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं, ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. साल 2026 के बीक 22 में 2.0 टीवीआर के साथ यह शो हिंदी जीईसी श्रेणी में नंबर 1 शो बनकर उभरा है. इस शानदार उपलब्धि के पीछे हालिया ट्रैक की भी बड़ी भूमिका रही, जिसमें सिद्धू और नेहा की जिंदगी अलग-अलग शादियों की ओर बढ़ती नजर आई. इस मोड़ ने दर्शकों का दिल तोड़ दिया. लेकिन अपने पसंदीदा जोड़े को अलग होते देखने के लिए तैयार न होने वाले फैंस ने सोशल मीडिया पर ब्रिंग स्नेधू टुगेदर ट्रेंड शुरू कर दिया और सिद्धू और स्नेहा को एक करने की जोरदार मांग की. आखिरकार दर्शकों का यह प्यार रंग लाया और सिद्धू और स्नेहा शादी के बंधन में बंध गए. इस जज़्बाती ट्रैक ने दर्शकों के दिलों को गहराई से छुआ और शो को टीआरपी चार्ट्स में शीर्ष तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. टेलीविजन का नंबर 1 शो बनने की इस बड़ी उपलब्धि पर अमनदीप सिद्धू और शीज़ान खान ने उन दर्शकों का दिल से शुक्रिया अदा किया, जिनके अटूट प्यार और समर्थन ने इस मुकाम को हासिल करने में अहम योगदान दिया.

## अक्षय-रवीना की जोड़ी फिर चर्चा में



**बहुप्रतीक्षित** कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल की सबसे बड़ी खासियतों में से एक अक्षय कुमार और रवीना टंडन का लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आना है. 90 के दशक की यह सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को पुरानी यादों की सैर कराने के लिए तैयार है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार, जैसे ही दोनों कलाकारों के एक ही फिल्म का हिस्सा होने की खबर सामने आई, दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ गया। आज भी अक्षय कुमार और रवीना टंडन की जोड़ी को बॉलीवुड की सबसे यादगार ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में गिना जाता है.

वेलकम टू द जंगल में जहां अक्षय कुमार फ्रेंचाइज़ी में वापसी कर रहे हैं, वहीं फिल्म पुरानी यादों को नए अंदाज़ में पेश करने पर भी जोर दे रही है. ऐसे में अक्षय और रवीना का रीयूनियन फिल्म के लिए एक बड़ा आकर्षण बनकर उभरा है. शूटिंग के दौरान दोनों कलाकारों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला, जिसने फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है. मोहरा के प्रतिष्ठित गीत 'टिप टिप बरसा पानी' और कई सुपरहिट फिल्मों के जरिए दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने वाली यह जोड़ी अब वर्षों बाद फिर साथ दिखाई देगी. शुरुआती चर्चाओं को देखते हुए माना जा रहा है कि अक्षय कुमार और रवीना टंडन का यह रीयूनियन वेलकम टू द जंगल की सबसे बड़ी यूएसपी साबित हो सकता है.

## काजल अग्रवाल ने अपनी दमदार पोस्ट से छेड़ी अहम बहस



**देशभर** में फूड एडल्टरेशन यानी खाद्य मिलावट को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच फ़िल्म 'द इंडिया स्टोरी' की अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने एक बार फिर इस गंभीर मुद्दे की ओर सभी का ध्यान खींचा है.

काजल अग्रवाल ने हाल ही में अपनी सोशल मीडिया स्टोरी के जरिए भारतीय आमों के निर्यात पर कीटनाशक अवशेष और क्वारंटीन संबंधी चिंताओं को लेकर सामने आई रिपोर्ट्स साझा की है. इस मुद्दे को उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' से जोड़ते हुए लिखा है, 'दुर्भाग्य से यह भारत की कहानी है, ये 'द इंडिया स्टोरी' है. 'फिलहाल इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है.

## फराह ने सुनाया 'तीस मार खान' का किस्सा


**फराह** खान ने तीस मार खान की शूटिंग से जुड़ा मजेदार किस्सा शेयर करते हुए बताया कि अक्षय कुमार रोज हेलीकॉप्टर से सेट पर आते-जाते थे. अभिनेता ने उनके सारे पैसे खर्च करवा दिए थे.

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म भूत बंगला को लेकर चर्चा में हैं. फिल्म हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है और इसके प्रमोशन के दौरान अक्षय कुमार ने अपने सह-कलाकारों और फिल्मी दोस्तों के साथ एक खास पॉडकास्ट में हिस्सा लिया. इस बातचीत में मशहूर निर्देशक और कोरियोग्राफर फराह खान ने अक्षय कुमार से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया.



बातचीत के दौरान फराह खान ने साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म तीस मार खान की शूटिंग को याद किया. उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग महाराष्ट्र के मालशेज इलाके में चल रही थी, जो मुंबई से लगभग ढाई घंटे की दूरी पर स्थित है. फराह ने कहा कि फिल्म की पूरी टीम शूटिंग लोकेशन के पास ही ठहरती थी क्योंकि रोज सुबह 8 बजे कॉल टाइम होता था. हालांकि, अक्षय कुमार हर शाम शूटिंग खत्म होने के बाद मुंबई लौट जाते थे और अगली सुबह समय पर सेट पर पहुंच जाते थे.

## साइंस एंड टेक्नोलॉजी



## हिंद महासागर में मिला व्हेलों का प्राचीन कब्रिस्तान

**समुद्र** विज्ञान के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व और चौंकाने वाली खोज सामने आई है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. चीनी वैज्ञानिकों की एक टीम ने हिंद महासागर की गहराइयों में लगभग 53 लाख साल पुराना विशाल व्हेल कब्रिस्तान खोजा है. यह स्थान समुद्र की सतह से हजारों मीटर नीचे स्थित है, जहां अत्यधिक दबाव और अंधकार के बीच जीवन के दुर्लभ संकेत मिले हैं.

यह क्षेत्र केवल कंकालों का ढेर नहीं है, बल्कि एक सक्रिय और विकसित होता हुआ जैविक इकोसिस्टम है. व्हेलों के विशाल अस्थि ढांचे समुद्री जीवों के लिए कैल्शियम और अन्य खनिजों का स्रोत बनते हैं. इन पर छोटे-छोटे बैक्टीरिया, कृमि और अन्य सूक्ष्म जीव पनपते हैं, जो धीरे-धीरे एक जटिल खाद्य श्रृंखला का निर्माण करते हैं. इस खोज ने वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद की है कि समुद्री जीवन केवल जीवित जीवों पर निर्भर नहीं है, बल्कि मृत जीव भी पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को ऊर्जा और संरचना प्रदान कर सकते हैं.

शोधकर्ताओं का मानना है कि यह क्षेत्र पृथ्वी के प्राचीन समुद्री इतिहास का एक 'जीवित संग्रहालय' है, जो लाखों वर्षों से संरक्षित है. हालांकि यह खोज अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन इससे जुड़ी जानकारी समुद्री जीव विज्ञान, जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के विकास क्रम को समझने में बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है.

वैज्ञानिक इस क्षेत्र में और गहन अध्ययन की योजना बना रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि इतने लंबे समय तक यह इकोसिस्टम कैसे स्थिर रहा और इसमें कौन-कौन से अज्ञात जीव मौजूद हो सकते हैं.


## गूगल यूजर्स के लिए बड़ा तोहफा

### बिना कीमत बढ़ाए बढ़ा क्लाउड स्टोरेज

**डिजिटल** दुनिया में स्टोरेज की मांग लगातार बढ़ रही है, और इसी जरूरत को देखते हुए टेक कंपनी गूगल ने अपने क्लाउड सब्सक्रिप्शन मॉडल में बड़ा बदलाव किया है. कंपनी ने भारत में अपने एआई प्लान को अपग्रेड करते हुए यूजर्स को पहले से अधिक स्टोरेज और नए फीचर्स देने की घोषणा की है.

इस नए अपडेट के तहत यूजर्स को लगभग 399 रुपये प्रति माह में 400जीबी क्लाउड स्टोरेज मिलेगा. यह स्टोरेज गूगल के प्रमुख प्रोडक्ट्स जैसे गूगल ड्राइव, गूगल फोटोज और जीमेल में साझा रूप से इस्तेमाल किया जा सकेगा. इसका मतलब यह है कि यूजर्स अपने डॉक्यूमेंट्स, फोटो, वीडियो और ईमेल अटैचमेंट्स को एक ही क्लाउड सिस्टम में सुरक्षित रख सकेंगे.

इसके साथ ही इस प्लान में कंपनी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम जेमिनी एआई से जुड़े प्रीमियम फीचर्स भी शामिल किए गए हैं, जिससे यूजर्स को स्मार्ट सर्च, ऑटोमैटिक फाइल ऑर्गेनाइजेशन और कंटेंट मैनेजमेंट जैसे एडवांस टूल्स मिलेंगे. यह फीचर्स खासकर उन लोगों के लिए उपयोगी होंगे जो भारी मात्रा में डिजिटल डेटा के साथ काम करते हैं.



यह कदम भारत जैसे तेजी से बढ़ते डिजिटल बाजार में गूगल की पकड़ को और मजबूत करेगा. क्लाउड स्टोरेज की कीमत में बदलाव न करते हुए क्षमता बढ़ाना यूजर्स के लिए एक आकर्षक ऑफर माना जा रहा है.

एआई इंटीग्रेशन के कारण यह प्लान सिर्फ स्टोरेज सेवा नहीं रह गया है, बल्कि एक स्मार्ट डिजिटल असिस्टेंट की तरह काम करेगा. इससे यूजर्स का डेटा मैनेजमेंट पहले से ज्यादा आसान और तेज हो जाएगा.

## समुद्र की गहराई में मिला दुर्लभ जीवन चक्र

**प्रशांत** महासागर की गहराइयों में वैज्ञानिकों को मिली हालिया खोज ने समुद्री विज्ञान की दुनिया में नई हलचल पैदा कर दी है. शोधकर्ताओं ने लगभग 6.2 किलोमीटर गहराई में कुछ ऐसे रहस्यमयी कोकून जैसी संरचनाएं खोजी हैं, जिन्हें शुरुआत में साधारण समुद्री अवशेष समझा गया था, लेकिन बाद में जब इनका विश्लेषण किया गया तो इनके भीतर जीवित भ्रूण पाए गए.



ये भ्रूण फ्लैटवर्म नामक सूक्ष्म समुद्री जीवों से संबंधित हैं. यह खोज इसलिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इतनी गहराई पर जीवन का अस्तित्व अब तक बेहद सीमित या लगभग असंभव माना जाता था. यहां न सूर्य की रोशनी पहुंचती है और न ही सामान्य तापमान या दबाव की स्थिति होती है. ऐसे वातावरण में किसी भी जीव का विकसित होना वैज्ञानिक दृष्टि से एक चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है.

ये कोकून बेहद मजबूत, चमड़े जैसे आवरण से बने हैं, जो भ्रूण को बाहरी कठोर परिस्थितियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं. यह संरचना इस बात का प्रमाण है कि समुद्री जीवों ने चरम परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए अत्यधिक विकसित अनुकूलन क्षमता विकसित कर ली है. इस खोज ने गहरे समुद्र में जीवन की परिभाषा को फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया है.

## जुलाई को आएगा ओप्पो का कैमरा किंग फोन

### 200एमपी कैमरा के साथ ओप्पो रेनो 16 का धमाका

**स्मार्टफोन** इंडस्ट्री में लगातार बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच अब एक और बड़ी लॉन्चिंग की तैयारी शुरू हो गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओप्पो अपनी नई रेनो 16 सीरीज को भारत में 2 जुलाई 2026 को लॉन्च कर सकती है. हालांकि कंपनी की ओर से अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन कई लीक और सर्टिफिकेशन लिस्टिंग से संकेत मिल रहे हैं कि यह लॉन्च डेट लगभग तय मानी जा रही है.

इस सीरीज में ओप्पो रेनो 16 और ओप्पो रेनो 16 प्रो जैसे दो मॉडल शामिल हो सकते हैं. दोनों ही स्मार्टफोन को मिड-प्रीमियम और प्रीमियम सेगमेंट को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है. खासकर कैमरा विभाग में कंपनी बड़ा अपग्रेड देने जा रही है. रेनो 16 प्रो में 200एमपी का प्राइमरी कैमरा ओआईएस सपोर्ट के साथ, 50एमपी टेलीफोटो लेंस, 50एमपी अल्ट्रा-वाइड और 50एमपी फ्रंट कैमरा दिए जाने की उम्मीद है. यह सेटअप इसे फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए एक आकर्षक विकल्प बना सकता है. डिस्प्ले की बात करें तो रेनो 16 प्रो में 6.32 इंच का पैनल मिलने की संभावना है, जो 1.5 रिजॉल्यूशन और 144 रिफ्रेश रेट के साथ आ सकता है. बैटरी सेगमेंट में भी बड़ा अपग्रेड देखने को मिल सकता है. रेनो 16 प्रो में 6700 की बैटरी और 80 फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलने की संभावना है, जबकि बेस मॉडल में 6000 बैटरी दी जा सकती है.




सीरीज में एआई फीचर्स, बेहतर इमेज प्रोसेसिंग, आईपी 69 रेटिंग, एनएफसी सपोर्ट और स्टीरियो स्पीकर्स जैसे प्रीमियम फीचर्स भी शामिल हो सकते हैं. इससे यह सीरीज सीधे तौर पर मिड-प्रीमियम सेगमेंट में बड़ी चुनौती पेश करेगी. हालांकि यूरोपियन मार्केट में इसकी कीमतें पहले ही लीक हो चुकी हैं, भारत में टैक्स और मार्केट स्ट्रेटेजी के चलते कीमतें अलग हो सकती हैं.